संख्या-60/2015/488/71-1-2015-जी-42/2015

प्रेषक

अरिन्दम भट्टाचार्य,
विशेष सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनॉक 24 मार्च, 2015

विषय:- वित्तीय वर्ष 2014-15 में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत राजकीय मेडिकल कालेज, सहारनपुर हेतु विभिन्न मानक मदों में पुनर्विनियोग के माध्यम से धनराशि स्वीकृत किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एमई/बजट/2015/468, दिनॉक 09-03-2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2014-15 में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत मेडिकल कालेज, सहारनपुर में मानक मद-16-व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के भुगतान में रू0 1,02,50,000/- (रू0 एक करोड़ दो लाख पचास हजार मात्र) की बचत के सापेक्ष मेडिकल कालेज, सहारनपुर हेतु मानक मद-11-लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई में रू0 2,50,000/- (रू0 दो लाख पचास हजार मात्र), मानक मद-21-छात्रवृत्तियां और छात्रवेतन में रू0 60,00,000/- (रू0 साठ लाख मात्र), मानक मद-40-औषधालय संबंधी आवश्यक सज्जा में रू0 30,00,000/- (रू0 तीस लाख मात्र) एवं मानक मद-46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय में रू0 10,00,000/- (रू0 दस लाख मात्र) कुल रू0 1,02,50,000/- (रू0 एक करोड़ दो लाख पचास हजार मात्र) पुनर्विनियोग कर व्यय किये जाने की स्वीकृति महामहिम राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है।

2- स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग उन्हीं कार्यो/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्ही अन्य कार्यो/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।

3- उक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-83 के अधीन लेखाशीर्षक "2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-आयोजनागत-05-चिकित्सा, शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-789-अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना-03-शिक्षा-04-राजकीय मेडिकल कालेज, सहारनपुर-11- लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई-21-छात्रवृत्तियां और छात्रवेतन-40-औषधालय संबंधी आवश्यक सज्जा-46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय" के नामे डाला जायेगा तथा संलग्न बी0एम0-9(1) के स्तम्भ-1 में उल्लिखित लेखाशीर्षक में हो रही बचतों से वहन किया जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3-461/दस-2015, दिनॉक 20 मार्च, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय

(अरिन्दम भट्टाचार्य)
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या:-60/2015/488(1)/71-1-2015 तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, सहारनपुर।
3- वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, सहारनपुर।
5- वरिष्ठ कोषाधिकारी, सहारनपुर।
6- समाज कल्याण बजट प्रकोष्ठ।
7- नियोजन अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
8- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(शैलेन्द्र नाथ शुक्ल)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in